## गुस्ताखी माफ



जनता की सेवा करें, लगातार हर बार।
एक बार क्या बनेगी, बार-बार सरकार।
बार-बार सरकार, समझ लें यह सच्चाई।
जिसने पाया प्यार, उसी ने सत्ता पाई।
कह साहिल कविराय, काम ऐसे ही बनता।
जन को चाहें आप, तभी चाहेगी जनता।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 163 | TUESDAY 23-06-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER    Visit at : www.uturntime.com




# बढ़ता मोटापा, बदलती लाइफस्टाइल: कब जरूरी होती है सर्जरी?



*-शैफाली-*

*आज के समय में तेजी से बदलती लाइफस्टाइल के चलते ओबेसिटी, मोटापा और डायबिटीज जैसी समस्याएँ लगातार बढ़ रही हैं। ये अब केवल स्वास्थ्य समस्या नहीं, बल्कि एक गंभीर मेटाबॉलिक चैलेंज बन चुकी हैं, जो हर उम्र के लोगों को प्रभावित कर रही हैं। इन्हीं मुद्दों को समझने के लिए हमने बात की बैरिएट्रिक और मेटाबॉलिक सर्जन डॉ. आशिष आहूजा से, जिन्होंने इस फील्ड में लंबे अनुभव के साथ कई जटिल मामलों का सफल इलाज किया है।*



**भारत में ओबेसिटी के बढ़ते मामलों को आप कैसे देखते हैं? आपने इस फील्ड में कैसे कदम रखा?**

- मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं बैरिएट्रिक और मेटाबॉलिक सर्जरी में जाऊँगा। 2007 में मैंने TMC हॉस्पिटल में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में शुरूआत की थी, जहाँ सामान्य सर्जरी जैसे गॉलब्लैडर, हर्निया और अपेंडिक्स के केस होते थे। धीरे-धीरे लगा कि कुछ अलग और नया करना चाहिए। उस समय यह फील्ड नई थी और बहुत कम लोग इसमें काम कर रहे थे। आज भी जागरूकता कम है। इसमें हम सिर्फ सर्जरी नहीं करते, बल्कि शरीर के हार्मोन और मेटाबॉलिज्म को भी प्रभावित करते हैं, जिससे वजन नियंत्रित होता है।

**लोगों को इस सर्जरी की जरूरत क्यों पड़ती है?**

- यह पूरी तरह लाइफस्टाइल से जुड़ी समस्या है। लोग जानते हैं कि एक्सरसाइज जरूरी है, लेकिन उसे टालते रहते हैं। आज की लाइफ सिडेंटरी हो गई है और जंक फूड आसानी से उपलब्ध है। इसका असर शरीर के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। शरीर और मन दोनों एक-दूसरे से जुड़े होते हैं।

**सही समय कब होता है जब सर्जरी की जरूरत पड़ती है?**

- जब मरीज अत्यधिक मोटापे से ग्रस्त हो जाता है, चलने में सांस फूलती है, रात में तेज खर्राटे आते हैं, शुगर और बीपी कंट्रोल में नहीं रहते और कई दवाइयाँ चल रही होती हैं। ऐसे समय पर यह सर्जरी एक 'बेल आउट' विकल्प की तरह काम करती है, जब बाकी सभी इलाज असफल हो जाते हैं।

**क्या यह सर्जरी महंगी होती है?**

- लोग इसे महंगा समझते हैं, लेकिन ओबेसिटी का इलाज लंबे समय तक चलता है—बार-बार डॉक्टर विजिट, टेस्ट और दवाइयाँ। अगर तुलना करें तो यह एक बार का इलाज है, जबकि बीमारी का खर्च सालों चलता रहता है। इसलिए लंबे समय में यह कई मामलों में ज्यादा व्यावहारिक साबित होती है।

**क्या इंजेक्शन और दवाइयाँ अब सर्जरी का विकल्प बन रहे हैं?**

- नई दवाइयाँ और इंजेक्शन आए हैं, लेकिन इनके अपने साइड इफेक्ट्स और सीमाएँ भी हैं। ओबेसिटी सिर्फ वजन की समस्या नहीं है, बल्कि यह पूरे शरीर को प्रभावित करती है—डायबिटीज, बीपी, लिवर, किडनी और मानसिक स्वास्थ्य तक।

**क्या इसके साइड इफेक्ट्स होते हैं?**

- हर सर्जरी में सामान्य जोखिम होते हैं जैसे ब्लीडिंग या इंफेक्शन, लेकिन सही मरीज और सही टीम के साथ यह सर्जरी सुरक्षित होती है। कई मरीजों में सर्जरी के बाद कुछ ही हफ्तों में शुगर, बीपी और दवाइयाँ कम या बंद हो जाती हैं और वजन तेजी से घटता है।

**आपने बताया कि कई सेलिब्रिटीज ने भी यह सर्जरी करवाई है?**

- हाँ, कई सेलिब्रिटीज, बड़े बिजनेस पर्सन और ब्यूरोक्रेट्स ने यह सर्जरी करवाई है। कई लोग इसे निजी रखते हैं, इसलिए नाम लेना उचित नहीं होता। लेकिन इसके परिणाम काफी अच्छे रहे हैं।

**आपकी अंतिम सलाह क्या होगी?**

- सबसे जरूरी है बैलेंस लाइफस्टाइल। सही खानपान, नियमित एक्सरसाइज और अनुशासन बहुत जरूरी है। अगर जीवनशैली सही रखी जाए तो ऐसी सर्जरी की जरूरत ही न पड़े।

# GST रिफंड अटका, पंजाब की साइकिल इंडस्ट्री पर संकट गहराया

## वर्किंग कैपिटल की भारी कमी से उत्पादन इकाइयों पर बंदी का खतरा : डी.एस. चावला

लुधियाना/यूटर्न/22 जून। पंजाब की साइकिल निर्माण इकाइयों पर गंभीर वित्तीय संकट मंडराने लगा है। उद्योग जगत का कहना है कि जीएसटी रिफंड में हो रही देरी और बड़ी राशि के फंसने से साइकिल उद्योग का वर्किंग कैपिटल बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जिसके चलते कई इकाइयां बंदी के कगार पर पहुंच गई हैं। यूनाइटेड साइकिल एंड पार्ट्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन, लुधियाना के पूर्व अध्यक्ष डी.एस. चावला ने सोमवार को जारी एक प्रेस नोट में यह गंभीर चिंता जताई। चावला ने कहा कि साइकिल उद्योग पिछले कुछ वर्षों से लगातार दबाव में है, लेकिन अब स्थिति और अधिक विकट हो चुकी है। उन्होंने बताया कि साइकिल पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया था, ताकि आम उपभोक्ता को राहत मिल सके। साइकिल दूरदराज क्षेत्रों में आवागमन का सस्ता साधन होने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है और ईंधन की बचत भी करती है। उद्योग ने इस फैसले का स्वागत किया था, लेकिन साथ ही यह मांग भी की थी कि साइकिल निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल पर भी जीएसटी दरों में कमी की जाए। यह मांग आज तक पूरी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि साइकिल उद्योग को स्टील, रबर, प्लास्टिक



ग्रेन्यूल्स, पैकिंग सामग्री, केमिकल्स और पेंट जैसे अधिकांश कच्चे माल 18 प्रतिशत जीएसटी पर खरीदने पड़ते हैं, जबकि तैयार साइकिल 5 प्रतिशत जीएसटी पर बिकती है। इस टैक्स अंतर के कारण बिक्री पर लगभग 13 प्रतिशत तक का रिफंड बनता है, जो लंबे समय तक सरकारी तंत्र में फंसा रहता है। इससे उद्योग के सामने कार्यशील पूंजी का गंभीर संकट पैदा हो गया है और उद्यमियों को वित्तीय संस्थानों से महंगे ब्याज पर धन उठाना पड़ रहा है। डी.एस. चावला ने आरोप लगाया कि पंजाब में जीएसटी रिफंड उद्योग के लिए एक बड़ी समस्या बन चुका है। उन्होंने कहा कि रिफंड प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी है और इसको लेकर उद्योग कई बार राज्य सरकार के विभिन्न स्तरों पर अपनी बात रख चुका है, लेकिन समस्या का अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। उन्होंने मांग की कि रिफंड प्रक्रिया को पूरी तरह 'फेसलेस' बनाया जाए, क्योंकि रिटर्न पहले ही ऑनलाइन दाखिल किए जाते हैं। यदि कहीं कोई त्रुटि या मिसमैच होता है तो सिस्टम उसे स्वत: पकड़ सकता है। ऐसे में मानवीय हस्तक्षेप कम होने से विवाद और अनावश्यक देरी भी समाप्त हो सकती है।

RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM
# यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS
VOL: 11 | ISSUE 163 | TUESDAY 23-06-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## आईपीएस आनंद जैन बने लद्दाख के नए डीजीपी

### केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर से किया तबादला, गृह मंत्रालय ने जारी किए आदेश




नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने 1999 बैच के AGMUT कैडर के आईपीएस अधिकारी आनंद जैन का जम्मू-कश्मीर से लद्दाख तबादला कर दिया है। गृह मंत्रालय की ओर से 22 जून 2026 को जारी आदेश के अनुसार, आनंद जैन को तत्काल प्रभाव से डीजीपी, लद्दाख नियुक्त किया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह नियुक्ति अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। इस संबंध में गृह मंत्रालय की ओर से जम्मू-कश्मीर सहित संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों तथा अधिकारियों को सूचना भेज दी गई है।

# दिल्ली सरकार का 90 करोड़ का साइकिल टेंडर बना मिस्ट्री : स्पोर्ट्स गुड्स डीलर माटा स्पोर्ट्स ने बिना अनुभव लिया टेंडर

## हीरो इकोटेक और एवन जैसी नामी कंपनियां पीछे

लुधियाना/यूटर्न/22 जून। दिल्ली सरकार का करीब 90 करोड़ रुपये का साइकिल टेंडर लुधियाना की साइकिल इंडस्ट्री में चर्चा और चिंता का बड़ा विषय बन गया है। जेम पोर्टल के माध्यम से निकाले गए इस टेंडर में माटा स्पोर्ट्स करीब 90 करोड़ 44 लाख 10 हजार रुपये में एल-1 रही है। खास बात यह है कि इस टेंडर में एवन साइकिल और हीरो इकोटेक जैसी देश की नामी कंपनियां भी शामिल थीं, लेकिन एक स्पोर्ट्स गुड्स डीलर के तौर पर चर्चित माटा स्पोर्ट्स ने उन्हें पीछे छोड़ दिया।

इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का कहना है कि बिना लंबे साइकिल कारोबार अनुभव, मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड और साइकिल सेल के इतना बड़ा टेंडर हासिल करना सामान्य बात नहीं माना जा सकता। इसी वजह से यह टेंडर अब ट्रेड में 'मिस्ट्री टेंडर' के रूप में चर्चा का केंद्र बन गया है। चर्चाओं के अनुसार, माटा स्पोर्ट्स का मुख्य कारोबार साइकिल निर्माण से नहीं, बल्कि स्पोर्ट्स गुड्स की बिक्री से जुड़ा बताया जा रहा है। ऐसे में टेंडर की पात्रता शर्तों, अनुभव और सप्लाई क्षमता को लेकर सवाल उठने लगे हैं।







1. BID DETAILS - GEM/2026/B/7576262
2. TECHNICAL EVALUATION


Disclaimer : These are offered prices in bid and not approved / accepted prices. These may change if Buyer resorts to negotiation or price match as per Bid Conditions.

List Of Sellers Qualified Financially

| S.No. | Seller Name | Offered Item | Total Price | Rank |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Matta Sports (MSE Social Category General) | Item Categories : Bicycle with Safety and Performance Requirements Conforming to IS 10613 | ₹ 904410000.00 | L1 |
| 2 | HERO ECOTECH LIMITED | Item Categories : Bicycle with Safety and Performance Requirements Conforming to IS 10613 | ₹ 1092000000.00 | L2 |
| 3 | AVON CYCLES LTD | Item Categories : Bicycle with Safety and Performance Requirements Conforming to IS 10613 | ₹ 1111500000.00 | L3 |

Details of Annual Procurement by Differet State Governments

| S. No. | State | Qnty (Approx) | Annual Turnover Requirement | Each Year / Average |
|---|---|---|---|---|
| 1 | West Bengal | 1000000 | Rs. 200.00 Crore | Average for Last 3 Years with Minimum 300 in each year |
| 2 | Tamilnadu | 500000 | Rs. 100 Crore | Each Financial Year for Last 3 Years |
| 3 | Jharkhand | 400000 | Rs. 100 Crore | Each Financial Year for Last 3 Years |
| 4 | Madhya Pradesh | 450000 | Rs. 200.00 Crore | Average for Last 3 Years |
| 5 | Assam | 350000 | Rs. 150.00 Crore | Average for Last 3 Years |
| 6 | Rajasthan | 350000 | Rs. 150.00 Crore | Average for Last 3 Years |
| 7 | Gujarat | 200000 | Rs. 185.00 Crore | Average for Last 3 Years |
| 8 | Chhattisgarh | 200000 | Rs. 90.00 Crore | Average for Last 3 Years |
| 9 | Delhi | 130000 | Rs. 340.00 Crore | Average for Last 3 Years |
| 10 | Tripura | 40000 | Rs. 18.00 Crore | Each Financial Year for Last 3 Years |




## ब्लैक साइकिल की जगह MTB की एंट्री

जानकारी के अनुसार, इस टेंडर में सामान्य ब्लैक और रोडस्टर साइकिलों की बजाय MTB और फैंसी साइकिलों की मांग रखी गई है। प्रति MTB साइकिल की कीमत करीब 7 हजार रुपये आंकी जा रही है। इंडस्ट्री में चर्चा है कि यदि आने वाले सरकारी टेंडरों में भी इसी तरह MTB और फैंसी साइकिलों को प्राथमिकता मिली, तो ब्लैक साइकिल बनाने वाली छोटी और मध्यम इकाइयों के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

## नामी कंपनियां पीछे, माटा स्पोर्ट्स आगे

दिल्ली सरकार के इस बड़े साइकिल टेंडर में एवन साइकिल और हीरो इकोटेक जैसी अनुभवी कंपनियों के शामिल होने के बावजूद माटा स्पोर्ट्स का एल-1 आना इंडस्ट्री के लिए चौंकाने वाला माना जा रहा है। ट्रेड में चर्चा है कि जिस फर्म का मुख्य कारोबार साइकिल निर्माण से नहीं जुड़ा, वह करीब 1.30 लाख साइकिलों की सप्लाई कैसे करेगी।

## टर्नओवर और अनुभव पर उठे सवाल

ट्रेड में चर्चा है कि माटा स्पोर्ट्स द्वारा करीब 27 करोड़ रुपये की कुल टर्नओवर दिखाई गई है, जबकि टेंडर वैल्यू करीब 90 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का दावा है कि टेंडर की शर्तों के अनुसार टेंडर वैल्यू का 30 प्रतिशत साइकिल कारोबार टर्नओवर होना जरूरी था। यदि यह शर्त लागू थी, तो फर्म की पात्रता को लेकर स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए। हालांकि इस संबंध में अभी कोई आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आया है।

## सप्लाई क्षमता सबसे बड़ी चुनौती

दिल्ली सरकार द्वारा करीब 1.30 लाख फैंसी/MTB साइकिलों की मांग इंडस्ट्री के लिए बड़ा ऑर्डर माना जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, फैंसी साइकिलों का उत्पादन ब्लैक साइकिलों के मुकाबले सीमित क्षमता में होता है। ऐसे में निर्धारित समय में इतनी बड़ी संख्या में साइकिलों की सप्लाई कैसे होगी, यह बड़ा सवाल है। इंडस्ट्री में यह आशंका भी जताई जा रही है कि कहीं भारतीय सप्लाई के नाम पर चाइनीज साइकिलों या पार्ट्स का सहारा न लिया जाए। फिलहाल ट्रेड से जुड़े लोग सरकार से टेंडर प्रक्रिया, पात्रता शर्तों, अनुभव, टर्नओवर, गुणवत्ता और सप्लाई स्रोतों को लेकर स्पष्टता की मांग कर रहे हैं। इंडस्ट्री का कहना है कि यदि टेंडर पूरी पारदर्शिता से हुआ है, तो संबंधित तथ्य सार्वजनिक किए जाने चाहिए, ताकि सरकारी खरीद प्रणाली पर भरोसा बना रहे।

# 2027 से पहले कांग्रेस का युवा दांव, शुभम शर्मा को प्रदेश और मनराज ठुकराल को लुधियाना की कमान

## यूथ कांग्रेस चुनावों ने दिए नए राजनीतिक संकेत, बैंस परिवार समर्थित उम्मीदवार की हार ने लुधियाना की सियासत में बढ़ाई हलचल

चंडीगढ़/लुधियाना। पंजाब में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने युवा संगठन के जरिए नई राजनीतिक बिसात बिछानी शुरू कर दी है। पंजाब यूथ कांग्रेस को नया अध्यक्ष मिल गया है। धूरी से संबंध रखने वाले युवा नेता शुभम शर्मा ने 1600 वोटों से जीत दर्ज कर पंजाब यूथ कांग्रेस के नए अध्यक्ष के रूप में कमान संभाल ली है। इससे पहले





मोहित मोहिंद्रा पंजाब यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष थे। शुभम शर्मा की जीत को कांग्रेस के अंदर युवा नेतृत्व को आगे लाने की रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी युवाओं को संगठन के साथ जोड़कर अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत करना चाहती है। माना जा रहा है कि अब पंजाब यूथ कांग्रेस को बूथ, ब्लॉक और जिला स्तर पर अधिक सक्रिय किया जाएगा।

वहीं लुधियाना में मनराज सिंह ठुकराल पुत्र जसविंदर ठुकराल का यूथ कांग्रेस प्रधान बनना स्थानीय राजनीति के लिए अहम माना जा रहा है। मनराज सिंह ठुकराल ने करीब 3000 वोटों से जीत दर्ज की। खास बात यह रही कि उन्होंने उस उम्मीदवार को शिकस्त दी, जिसे बैंस परिवार का समर्थन बताया जा रहा था। समर्थित उम्मीदवार को करीब 5000 वोट मिले, लेकिन इसके बावजूद मनराज ठुकराल ने बड़ी बढ़त से जीत हासिल कर राजनीतिक संदेश दे दिया। लुधियाना में यह परिणाम कांग्रेस की अंदरूनी सियासत और युवा नेतृत्व के समीकरणों को बदलने वाला माना जा रहा है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि यूथ कांग्रेस के इन चुनावों ने साफ कर दिया है कि पार्टी के भीतर अब जमीनी कार्यकर्ताओं और युवा चेहरों का प्रभाव बढ़ रहा है।





# बिल्डरों से सख्ती, खुद पर नरमी? मोहाली नगर निगम के करोड़ों रुपये के टैक्स बकाए में घिरा गमाडा

## एक तरफ 1000 करोड़ की रिकवरी का अभियान, दूसरी तरफ वर्षों से लंबित प्रॉपर्टी टैक्स का मामला बना सवाल

अजीत झा

**मोहाली/यूटर्न/22 जून। रियल एस्टेट कंपनियों और बिल्डरों से 1000 करोड़ रुपये से अधिक की बकाया राशि वसूलने की तैयारी कर रहे ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (गमाडा) पर अब खुद करोड़ों रुपये के प्रॉपर्टी टैक्स बकाए का मामला सामने आया है। मोहाली नगर निगम का दावा है कि कई वर्षों से नोटिस जारी किए जाने के बावजूद गमाडा ने न तो पूरा टैक्स जमा कराया है और न ही अपनी संपत्तियों का संपूर्ण विवरण उपलब्ध कराया है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार शहर में गमाडा की बड़ी संख्या में विकसित और अविकसित संपत्तियां मौजूद हैं, जिन पर प्रॉपर्टी टैक्स देनदारी बनती है। समय पर भुगतान न होने के कारण मूल राशि के साथ ब्याज और अन्य शुल्क भी जुड़ते गए, जिससे बकाया करोड़ों रुपये तक पहुंच गया है।**




### संपत्तियों का पूरा रिकॉर्ड नहीं मिलने से अटका आकलन

निगम अधिकारियों का कहना है कि गमाडा की कई संपत्तियों का विवरण अब तक स्पष्ट नहीं है। इसी कारण वास्तविक टैक्स देनदारी का सही आकलन नहीं हो पा रहा। मार्च 2026 में नगर निगम ने गमाडा को पत्र भेजकर उसकी सभी संपत्तियों का विस्तृत रिकॉर्ड मांगा था।

मांगी गई जानकारी में हॉकी स्टेडियम, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, स्विमिंग पूल, वेरका बूथ, शराब के ठेके, कमर्शियल बूथ, शोरूम, खाली प्लॉट, लीज पर दी गई संपत्तियां और बेची जा चुकी जमीनों का ब्योरा शामिल था। निगम का तर्क है कि बिना पूर्ण जानकारी के कर निर्धारण प्रक्रिया अधूरी रहती है।

### राजस्व बढ़ाने की चुनौती के बीच उठा मुद्दा

यह मामला ऐसे समय सामने आया है जब नगर निगम अपने राजस्व स्रोतों को मजबूत करने पर जोर दे रहा है। निगम के लिए प्रॉपर्टी टैक्स आय का सबसे बड़ा साधन माना जाता है। पिछले वित्त वर्ष में निगम ने 56.75 करोड़ रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स एकत्र किया था, जबकि चालू वित्त वर्ष 2026-27 में जून के मध्य तक लगभग 6 करोड़ रुपये की वसूली हो चुकी है। अधिकारियों का कहना है कि यदि सभी सरकारी और निजी संस्थाएं समय पर टैक्स जमा करें तो निगम की वित्तीय स्थिति और मजबूत हो सकती है।

### गमाडा ने कहा, रिकॉर्ड भेजेंगे

मामले पर गमाडा के अधिकारियों का कहना है कि नगर निगम का पत्र प्राप्त हो चुका है और आवश्यक कार्रवाई के लिए इसे मुख्यालय भेज दिया गया है। गमाडा के अनुसार संबंधित संपत्तियों का विवरण एकत्र किया जा रहा है और जल्द ही निगम को उपलब्ध करा दिया जाएगा। साथ ही नियमों के तहत जो भी टैक्स देनदारी बनती है, उसका सत्यापन कर भुगतान किया जाएगा। फिलहाल यह मामला इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि बकाया वसूली को लेकर सख्त रुख अपनाने वाली एजेंसी अब खुद टैक्स भुगतान को लेकर सवालों के घेरे में खड़ी दिखाई दे रही है।

# माजरी चौक से हटाया गया अवैध अतिक्रमण, पंचकूला पुलिस और प्रशासन का संयुक्त अभियान



अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/22 जून। शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के उद्देश्य से पंचकूला पुलिस ने नगर निगम और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के साथ संयुक्त अभियान चलाकर सेक्टर-1 स्थित माजरी चौक क्षेत्र से अवैध अतिक्रमण हटाया। यह कार्रवाई जिला उपायुक्त सतपाल शर्मा और डीसीपी क्राइम एवं ट्रैफिक अमरिंदर सिंह की मौजूदगी में की गई। अभियान के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था।

संयुक्त टीम ने बुलडोजर की सहायता से सड़क किनारे और फुटपाथों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया। कार्रवाई के दौरान रेहड़ी-फड़ी, अस्थायी झुग्गियां और तिरपाल लगाकर बनाई गई अवैध दुकानों को हटाया गया। अधिकारियों के अनुसार अतिक्रमण हटने से फुटपाथ आम लोगों के लिए फिर से उपलब्ध हो गए हैं और यातायात संचालन में भी सुविधा होगी। अभियान के दौरान प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी कि भविष्य में यदि सार्वजनिक स्थानों, फुटपाथों या सड़क किनारों पर दोबारा अवैध कब्जा किया गया तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और किसी प्रकार की कानून-व्यवस्था की समस्या सामने नहीं आई। इस दौरान एसीपी ट्रैफिक सुरेंद्र सिंह, सिटी ट्रैफिक थाना प्रभारी वरिंद्र कुमार और सेक्टर-1 चौकी प्रभारी राममेहर सिंह सहित पुलिस, नगर निगम और एचएसवीपी के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। प्रशासन का कहना है कि सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त रखने और नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# टूटी नंबर प्लेट, नशे में बाइक चला रहा था युवक; पंचकूला ट्रैफिक पुलिस ने 22,500 रुपये का चालान कर वाहन किया इंपाउंड

## बाइक पर 'Defaulter' लिखकर घूम रहा था चालक, दस्तावेज भी नहीं मिले

अजीत झा

पंचकूला/यूटर्न/22 जून। सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पंचकूला ट्रैफिक पुलिस ने एक बाइक चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 22,500 रुपये का चालान किया और उसकी बाइक को इंपाउंड कर लिया। जांच के दौरान चालक नशे की हालत में पाया गया, जबकि वाहन पर कई अन्य नियमों का उल्लंघन भी सामने आया।

एसीपी ट्रैफिक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सेक्टर-1 स्थित खड़क मंगोली क्षेत्र में नियमित चेकिंग के दौरान पुलिस की नजर एक संदिग्ध बाइक चालक पर पड़ी। बाइक की




नंबर प्लेट टूटी हुई थी, जिसके चलते चालक को रोककर जांच की गई। सिटी ट्रैफिक थाना प्रभारी (एसएचओ) वरिंद्र कुमार के नेतृत्व में की गई जांच में पाया गया कि चालक शराब के नशे में वाहन चला रहा था। इसके अलावा वह वाहन से संबंधित जरूरी दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने यह भी पाया कि बाइक पर अंग्रेजी में "Defaulter" लिखा हुआ था। विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन के चलते पुलिस ने चालक का कुल 22,500 रुपये का चालान किया और बाइक को इंपाउंड कर लिया। डीसीपी क्राइम एवं ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस सड़क पर लापरवाही, स्टंटबाजी, दिखावे और नियमों की अवहेलना करने वालों पर लगातार नजर रख रही है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे वाहन चलाते समय जिम्मेदारी और समझदारी का परिचय दें तथा नशे की हालत में कभी वाहन न चलाएं। उन्होंने कहा कि सड़क पर की गई छोटी-सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए ट्रैफिक नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

III मंगलवार, 23 जून 2026



पेज 06 श्री सिद्ध पीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में साप्ताहिक...

# चंडीगढ़ में मेट्रो पर फिर सवाल, 25 हजार करोड़ की परियोजना के बीच ट्राम मॉडल पर बढ़ा जोर

**हेरिटेज शहर की पहचान बचाते हुए ट्रैफिक संकट से निपटने की तैयारी, 200 किमी साइकिल ट्रैक बन सकते हैं नई ट्राम व्यवस्था का आधार**

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/22 जून। ट्राईसिटी मेट्रो परियोजना पर अंतिम निर्णय का इंतजार कर रहे चंडीगढ़ में अब एक नया विकल्प तेजी से चर्चा में है। प्रशासनिक स्तर पर यह विचार उभर रहा है कि शहर के मौजूदा 200 किलोमीटर से अधिक लंबे साइकिल ट्रैक नेटवर्क का उपयोग कर ट्राम सेवा शुरू की जा सकती है। इससे न केवल बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने में मदद मिलेगी बल्कि विश्व प्रसिद्ध हेरिटेज शहर के मूल स्वरूप को भी सुरक्षित रखा जा सकेगा।

सूत्रों के अनुसार प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने हाल की बैठकों में इस बात पर जोर दिया है कि चंडीगढ़ जैसे नियोजित शहर में परिवहन समाधान ऐसा होना चाहिए जो पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ शहर की वास्तुकला और हरित क्षेत्र को भी प्रभावित न करे। ट्राम को इसी दिशा में एक व्यवहारिक विकल्प माना जा रहा है।









## मेट्रो परियोजना पर धीमी हुई रफ्तार

करीब 25 हजार करोड़ रुपये की प्रस्तावित ट्राईसिटी मेट्रो परियोजना अभी भी मूल्यांकन के दौर से गुजर रही है। केंद्र सरकार द्वारा संसद में दी गई जानकारी के अनुसार परियोजना की निगरानी के लिए गठित यूनिफाइड मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी की अब तक केवल तीन प्रमुख बैठकें हुई हैं। आखिरी बैठक सितंबर 2024 में आयोजित की गई थी। इसके बाद से परियोजना पर कोई बड़ी प्रगति सामने नहीं आई है।

## आर्थिक व्यवहार्यता पर उठ रहे सवाल

चंडीगढ़ प्रशासन ने वित्त वर्ष 2025-26 में एक आठ सदस्यीय विशेषज्ञ समिति गठित की है, जो मेट्रो परियोजना की आर्थिक व्यवहार्यता और वैकल्पिक परिवहन मॉडलों का अध्ययन कर रही है। समिति इस बात की समीक्षा कर रही है कि सीमित आबादी वाले शहर के लिए महंगी मेट्रो परियोजना उचित होगी या ट्राम और बीआरटीएस जैसे कम लागत वाले विकल्प ज्यादा प्रभावी साबित हो सकते हैं।

## हर दिन बढ़ रहा ट्रैफिक दबाव

चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला के संयुक्त शहरी क्षेत्र में ट्रैफिक लगातार बढ़ रहा है। आंकड़ों के अनुसार प्रतिदिन एक से डेढ़ लाख वाहन बाहरी क्षेत्रों से शहर में प्रवेश करते हैं। वहीं हर दिन औसतन 104 नए वाहन सड़कों पर उतर रहे हैं। शहर में प्रति एक हजार लोगों पर 1142 वाहन दर्ज हैं, जो देश के अधिकांश शहरों की तुलना में काफी अधिक हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि निजी वाहनों पर अत्यधिक निर्भरता और सार्वजनिक परिवहन की कम हिस्सेदारी आने वाले वर्षों में यातायात व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बन सकती है। ऐसे में कम लागत और कम निर्माण हस्तक्षेप वाले मॉडल प्रशासन के लिए आकर्षक विकल्प बन रहे हैं।

## मेट्रो की लागत कितनी?

राइट्स की रिपोर्ट के अनुसार 85.65 किलोमीटर लंबे प्रस्तावित नेटवर्क के लिए एलिवेटेड मेट्रो की लागत लगभग 23,263 करोड़ रुपये आंकी गई है, जो महंगाई और करों को जोड़ने पर 25,631 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। वहीं अंडरग्राउंड मेट्रो का अनुमानित खर्च 30,498 करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। अब निगाहें प्रशासन की उस विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट पर टिकी हैं, जो तय करेगी कि चंडीगढ़ का भविष्य मेट्रो से जुड़ेगा या फिर शहर की सड़कों पर एक बार फिर ट्राम की घंटियां सुनाई देंगी।

# राहुल गांधी से मुलाकात के बाद पंजाब कांग्रेस में हलचल, रंधावा के नाम पर वायरल हुआ फर्जी नियुक्ति पत्र

**सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने डीजीपी से की शिकायत, बोले- छवि धूमिल करने और कार्यकर्ताओं को भ्रमित करने की साजिश**

चंडीगढ़/यूटर्न/22 जून। पंजाब कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की चर्चाओं के बीच सोशल मीडिया पर एक कथित नियुक्ति पत्र वायरल होने से राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई। वायरल पत्र में कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा को पंजाब कांग्रेस का नया प्रधान नियुक्त किए जाने का दावा किया गया था। हालांकि पार्टी ने इसे तुरंत फर्जी करार देते हुए किसी भी आधिकारिक आदेश से इनकार किया है।

यह मामला उस समय सामने आया जब पंजाब कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने हाल ही में दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की थी। मुलाकात के बाद संगठन में संभावित बदलावों को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं। इसी बीच वायरल हुए कथित पत्र ने चर्चाओं को और हवा दे दी। रंधावा ने स्वयं सोशल मीडिया के माध्यम से स्पष्ट किया कि उनके नाम से प्रसारित किया जा रहा पत्र पूरी तरह फर्जी है और इसका कांग्रेस पार्टी या किसी अधिकृत संस्था से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने इस मामले को गंभीर बताते हुए पंजाब पुलिस के डीजीपी को औपचारिक शिकायत भेजी है।



## फर्जी दस्तावेज तैयार करने वालों पर कार्रवाई की मांग

अपनी शिकायत में रंधावा ने कहा कि सोशल मीडिया पर जानबूझकर झूठी और भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है, जिससे उनकी व्यक्तिगत और राजनीतिक छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने मांग की कि फर्जी दस्तावेज तैयार करने और उसे प्रसारित करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

## साइबर जांच कराने की अपील

रंधावा ने मामले की विस्तृत साइबर जांच कराने की भी मांग की है। उनका कहना है कि आधुनिक तकनीक के दौर में फर्जी दस्तावेजों और झूठी सूचनाओं का प्रसार लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई जरूरी है ताकि जनता और राजनीतिक कार्यकर्ताओं को गुमराह होने से बचाया जा सके। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि अतीत में उनके निधन की झूठी खबर भी सोशल मीडिया पर फैलाई गई थी। उस मामले में कार्रवाई नहीं होने से ऐसे तत्वों के हौसले बढ़े हैं। रंधावा ने उम्मीद जताई कि इस बार पुलिस दोषियों तक पहुंचकर सख्त कदम उठाएगी।

# बार-बार अग्रिम जमानत की मांग पर हाई कोर्ट सख्त, दूसरी याचिका खारिज कर लगाया 10 हजार रुपये का जुर्माना

अजीत झा



चंडीगढ़/यूटर्न/22 जून। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक आरोपी की दूसरी अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि बिना किसी नए और महत्वपूर्ण आधार के बार-बार राहत मांगना न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग माना जाएगा। अदालत ने याचिकाकर्ता पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति विनोद एस. भारद्वाज ने कहा कि यदि किसी याचिका पर पहले ही फैसला हो चुका है, तो बाद में दोबारा अदालत का दरवाजा खटखटाने के लिए परिस्थितियों में वास्तविक और महत्वपूर्ण बदलाव दिखाना आवश्यक है। केवल पहले के तर्कों को दोहराकर राहत नहीं मांगी जा सकती। यह मामला मोहाली जिले के सोहाना थाना में दर्ज धोखाधड़ी और अन्य धाराओं से संबंधित एफआईआर से जुड़ा है। आरोपी घनश्याम जयसवाल ने अग्रिम जमानत के लिए दूसरी बार हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इससे पहले उसकी याचिका अप्रैल 2026 में खारिज हो चुकी थी।

## अदालत ने पूछा- नया क्या है?

सुनवाई के दौरान अदालत ने याचिकाकर्ता पक्ष से पूछा कि पहली याचिका खारिज होने के बाद ऐसा कौन-सा नया तथ्य या परिस्थिति सामने आई है, जिससे दूसरी याचिका पर विचार किया जाए। हालांकि याचिकाकर्ता की ओर से कोई ठोस और नया आधार पेश नहीं किया जा सका।

# कच्चा किला मोहल्ले में गुंडागर्दी: घर में घुसकर तोड़फोड़, लोहे के गेट को तेज धार हथियारों से तोड़ा

-चरणजीत सिंह चन्न-



जगरांव/यूटर्न/22/जून। जगरांव के कच्चा किला मोहल्ले में सुरक्षा के दावों की पोल खोलती हुई एक बड़ी वारदात सामने आई है। यहाँ कुछ बदमाशों ने एक बुजुर्ग दम्पति के घर पर हमला कर दिया और जमकर तोड़फोड़ की।

**क्या है मामला ?...**पीड़ित दम्पति, माल सिंह और उनकी पत्नी परमजीत ने बताया कि वे अपने घर पर मौजूद थे, तभी अचानक 5-6 युवकों का एक समूह उनके घर में घुस आया। दम्पति के अनुसार, युवकों ने बिना किसी कारण के उनके घर के गेट को तोड़ना शुरू कर दिया। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो आरोपितों ने उन्हें धमकाते हुए श घर के अंदर घुसकर भी भारी तोड़फोड़ की।

**दहशत का माहौल...**इस हमले में पीड़ित परिवार बेहद डरा हुआ है। बुजुर्ग दम्पति ने बताया कि उन्हें समझ ही नहीं आ रहा कि आखिर उनकी गलती क्या थी और हमलावर कौन थे। उन्होंने बताया कि हमलावरों के हाथ में 'कृपाण' (तलवारें) थी, जिससे उन्होंने घर के गेट को तहस-नहस कर दिया।

**पुलिस प्रशासन की प्रतिक्रिया...**इस मामले को लेकर जब थाना सिटी इंचार्ज परमिंदर सिंह से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि उन्हें घटना की शिकायत मिल चुकी है। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस जांच में जुट गई है और जल्द ही आरोपितों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इलाके में इस घटना को लेकर काफी आक्रोश है और मोहल्ले के लोग सुरक्षा को लेकर सवाल उठा रहे हैं।

# श्री सिद्ध पीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में साप्ताहिक हरिनाम संकीर्तन, 25 जून को लगेगी विशाल निर्जला एकादशी छबील



लुधियाना/यूटर्न/22 जून। श्री सिद्ध पीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में साप्ताहिक हरिनाम संकीर्तन का आयोजन पंडित श्री राज कुमार शर्मा जी की अध्यक्षता में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया।इस अवसर पर श्री सिद्ध पीठ परिकर के हरिपाल आहूजा, केशव जोशी, विशाल अरोड़ा, अश्वनी ग्रोवर, पंडित दीपक शर्मा, संदीप लांबा, बृजमोहन धींगरा, राघव उप्पल, माधव नागर, कपिल शर्मा, ललित शर्मा एवं सोमनाथ बबू मल्होत्रा ने मधुर भजनों के माध्यम से प्रभु महिमा का गुणगान किया। वहीं फरीदकोट से पधारे हरिप्रकर ने भी विशेष रूप से संकीर्तन में सहभागिता कर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया।संकीर्तन के दौरान 'कैसे ना इठलाऊं मैं, बरसाना मिला है', 'करुणामई श्यामा प्यारी का नजारा हम भी देखेंगे', 'आजा आजा रे कन्हैया तेरी याद आई' तथा 'जब संत मिलन हो जाए' सहित अनेक भजनों का भावपूर्ण गायन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

इस अवसर पर पंडित राज कुमार शर्मा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्री महाराज जी के दरबार में वही व्यक्ति हाज़िरी लगाने आता है, जिसे उनकी कृपा और बुलावा प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि महाराज जी की आज्ञा के बिना कोई भी यहां हाज़िरी नहीं लगा सकता।

## २५ जून को निर्जला एकादशी पर लगेगी विशाल छबील

पंडित राज कुमार शर्मा ने बताया कि 25 जून, वीरवार को निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर श्री सिद्ध पीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर परिसर के बाहर ठंडे एवं मीठे जल की विशाल छबील लगाई जाएगी। यह सेवा प्रात: 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक निरंतर चलेगी, जिसमें राहगीरों एवं श्रद्धालुओं को शीतल एवं मीठा जल वितरित किया जाएगा।उन्होंने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से इस पुण्य सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा सेवा का लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया।

## रूह से रूबरू





चारु नागपाल

### मायका याद आता है।

हर लड़की को मरते दम
तक याद आता है।
वो छूट गया घर जो
उसका मायका कहलाता है।

एक बूढ़ा होता चेहरा
ममता से भरा सपनों मे
माँ का गले लगाना उसकी
ममता का अहसास दिलाता है।

घर से विदा होते हुए
पिता का सिर पर हाथ रखकर
अपनी आशीष देना मन में
गौरव का अहसास दिलाता है।

एक उम्र के बाद घर
वहीं रहता है।
पर तस्वीर बदल जाती है।
भाई-बहन की नोक-झोंक,
कहीं खो सी जाती है।

माँ-बाप की याद
दिल में दबी रह जाती है।
क्योंकि बेटी अब औरत
बनकर अपना घर बनाती है।

और फिर न दुबारा नन्हीं गुड़िया
बन पाती है।
कभी न नन्हीं गुड़िया
बन पाती है।
पर मायका फिर भी याद आता है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**क्या शादी के लिए माता-पिता की अनुमति जरूरी है?**

यह एक ऐसा प्रश्न है जो अक्सर युवाओं और उनके परिवारों के बीच विवाद का कारण बनता है। बहुत से लोग मानते हैं कि माता-पिता की अनुमति के बिना शादी नहीं की जा सकती, जबकि कानूनी स्थिति अलग है।

भारतीय कानून के अनुसार, यदि लड़का और लड़की बालिग (major) हैं और विवाह के लिए कानूनी रूप से सक्षम हैं, तो वे अपनी इच्छा से विवाह कर सकते हैं।

सामान्यत: हिंदू विवाह के लिए पुरुष की न्यूनतम आयु 21 वर्ष और महिला की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित है। बालिग होने के बाद व्यक्ति को अपने जीवनसाथी का चयन करने का अधिकार प्राप्त है। अदालतों ने भी कई बार यह स्पष्ट किया है कि किसी वयस्क व्यक्ति को अपनी पसंद के व्यक्ति से विवाह करने का अधिकार संविधान के तहत प्राप्त व्यक्तिगत स्वतंत्रता (personal liberty) का हिस्सा है।

हालांकि, सामाजिक और पारिवारिक दृष्टि से माता-पिता की सहमति और आशीर्वाद का महत्व अलग विषय है। लेकिन कानूनी रूप से केवल असहमति के आधार पर किसी बालिग व्यक्ति की शादी को अवैध नहीं कहा जा सकता। विशेष रूप से अंतर-जातीय (inter-caste) और अंतर-धार्मिक (inter-faith) विवाहों में यह प्रश्न अधिक सामने आता है। कई परिवार यह मान लेते हैं कि उनकी अनुमति के बिना विवाह अमान्य होगा, जबकि कानून वयस्क व्यक्तियों की स्वतंत्र पसंद को मान्यता देता है।

निष्कर्ष: यदि दोनों पक्ष बालिग हैं और कानून की अन्य शर्तें पूरी करते हैं, तो विवाह के लिए माता-पिता की अनुमति कानूनी रूप से अनिवार्य नहीं है। जीवनसाथी चुनना प्रत्येक वयस्क व्यक्ति का कानूनी अधिकार है।

# बच्चों तक ज्ञान, संस्कार और अध्यात्म का संदेश पहुँचाना हमारा उद्देश्य : राकेश कपूर



लुधियाना/यूटर्न/22 जून। एक लक्ष्य सेवा फाउंडेशन द्वारा श्री दुख भंजन विद्या पीठ गीता पाठशाला, महायंत्र गौशाला, जैन पुर, हंबड़ा रोड, लुधियाना में ह्लश्रीमद्भगवद्गीता भेंट समारोहह्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पाठशाला के बच्चों को श्रीमद्भगवद्गीता भेंट कर उन्हें भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं आध्यात्मिक ज्ञान से जोड़ने का प्रयास किया गया।

कार्यक्रम में फाउंडेशन के संस्थापक सदस्यों एवं पदाधिकारियों रितु जोहर, सोनिया कपाही एडवोकेट साक्षी अरोड़ा राशि अग्रवाल रिचा जग्गी प्रेरणा,मुस्कान शर्मा, अमित कपाही डिंपल राणा,सोमनाथ मल्होत्रा जी, हितेश जग्गी मन्नू मक्कड़ व भाविक जग्गी गिरीश गुप्ता संदीप गुप्ता,सुरेश कपूर,सोहन लाल,,शर्मा जी,राजेश नारंग ने सहभागिता की। टीसीरीज गायक भाविक जग्गी ने महामंत्र का उच्चारण कर इस गीता ज्ञान यज्ञ में अपनी हाजिरी लगाई।

# भाजपा की नीति, नीयत और निर्णायक नेतृत्व से पटरी पर आएगा पंजाब का उद्योग: नितिन नवीन





दिनेश मौदगिल

लुधियाना/यूटर्न/22 जून। पंजाब के औद्योगिक और व्यावसायिक गौरव को फिर से बहाल करना भाजपा का संकल्प है और इसे हर हाल में पूरा किया जाएगा। पंजाब में औद्योगिक विकास और निवेश के लिए अनुकूल माहौल बनाया जाएगा और इसके साथ ही किसानी (कृषि) भी इसके समानांतर चलेगी। इन शब्दों का प्रकटावा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने किया। अपने पंजाब दौरे के दौरान लुधियाना में पंजाब के उद्योगपतियों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि उद्योग के हर वर्ग की समस्याएं अलग-अलग होती हैं, लेकिन इनके समाधान के लिए सरकार की नीति, नीयत और निर्णायक नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। भाजपा इस मामले में स्पष्ट है। पंजाब के औद्योगिक मुद्दों में केंद्र सरकार का पंजाब सरकार उचित सहयोग नहीं कर रही है।

उन्होंने कहा कि पंजाब के लोग अपनी खेती और उद्योग के लिए पूरे देश में एक खास पहचान रखते थे। पंजाब की औद्योगिक विरासत इतनी मजबूत रही है और यदि आज वह वैसी नहीं रही, तो यह चिंता का विषय है , पंजाब सरकार से इसकी जवाबदेही केंद्र सरकार और भाजपा तय करेगी। उन्होंने कहा कि हम लगातार संवाद कर रहे हैं, इसी से चीजें आगे बढ़ती हैं। यदि कोई सरकार इसे नकारात्मक विचार के रूप में लेती है, तो विकास संभव ही नहीं है।

## पंजाब के उद्योगों की समस्याएं

उद्योगपतियों ने जहां पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर सवाल खड़े किए, वहीं गैंगस्टरवाद, रंगदारी और खराब कानून-व्यवस्था की स्थिति पर भी सवाल उठाए। मंडी गोबिंदगढ़ के उद्योगपतियों ने नितिन नबीन को बताया कि पंजाब में लोहे के रीसाइक्लिंग उद्योग में फर्जी (बोगस) जीएसटी बिल घोटाले के कारण सरकारी खजाने को करीब दो लाख करोड़ रुपये का चूना लगता है। इससे भी दुख की बात यह है कि किसी भी मंच पर इसकी सुनवाई नहीं हो रही है। साइकिल उद्योग के प्रतिनिधियों ने कहा कि चीन जहां 30 करोड़ साइकिल बना रहा है, वहीं भारत में केवल 3 करोड़ ही बन रही हैं। इसलिए नए सिरे से योजना बनाने की आवश्यकता है। एग्रो-कंबाइन इंडस्ट्री ने कंबाइनों को पास करवाने की समय-सीमा घटाए जाने का मुद्दा उठाया। राइस मिलर्स ने अमेरिका-इरान युद्ध और पेट्रोल की बढ़ती कीमतों के कारण लागत बढ़ने का मुद्दा उठाया और मांग की कि बासमती निर्यात (इम्पोर्ट/एक्सपोर्ट संदर्भ में) के लिए सब्सिडी मिलनी चाहिए। नट-बोल्ट इंडस्ट्री ने लाइसेंस लेने के लिए लाखों रुपये की फीस को अनुचित बताया और इसे कम करने की मांग की। इस बैठक के दौरान साइकिल इंडस्ट्री से के.के. सेठ, स्पोर्ट्स इंडस्ट्री से रविंदर, अजमेर सिंह (दशमेश कंबाइन), राइस मिल्स से मोनू चड्ढा, आईसीए से राहुल आहूजा, नट-बोल्ट उद्योग से नरिंदर भुंबला, इंडक्शन से के.के. गर्ग और क्रेमिका से रजनी वेक्टर सहित कई अन्य औद्योगिक वर्गों के प्रतिनिधि उपस्थित थे ।इस अवसर पर पंजाब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों, राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ, पूर्व अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, सुनील जाखड़, राज्यसभा सदस्य विक्रम साहनी और राजिंदर गुप्ता भी मौजूद थे।

# पंजाब की खेती को समझने की दिशा में नितिन नबीन और डॉ. जोहल की मुलाकात अहम : एडवोकेट सिद्धू



लुधियाना/यूटर्न/22 जून। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एडवोकेट बिक्रम सिंह सिद्धू ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय नेता नितिन नबीन की पंजाब यात्रा ने पार्टी कार्यकताओं और नेताओं में नया जोश और उत्साह पैदा किया है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिनों में पंजाब के विभिन्न हिस्सों में हुई बैठकों से भाजपा संगठन को मजबूती मिली है और कार्यकताओं में 2027 को लेकर नई ऊर्जा दिखाई दे रही है। एडवोकेट सिद्धू ने कहा कि लुधियाना में नितिन नबीन की पूर्व वाइस चांसलर, प्रसिद्ध कृषि विशेषज्ञ और अर्थशास्त्री पद्म भूषण डॉ. सरदारा सिंह जोहल के साथ हुई मुलाकात पंजाब के भविष्य के लिए आशा की किरण साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस विशेष बैठक में पंजाब की खेती, कृषि संकट और किसानों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। सिद्धू ने बताया कि नितिन नबीन ने डॉ. एस.एस. जोहल द्वारा कृषि क्षेत्र में दिए गए योगदान, उनके सुझावों और उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पंजाब एक कृषि प्रधान राज्य है और यदि देश की राष्ट्रीय पार्टी पंजाब की खेती-बाड़ी व्यवस्था, किसानों की चुनौतियों और कृषि संकट को गहराई से समझती है, तो इससे पंजाब की खुशहाली का रास्ता मजबूत हो सकता है। एडवोकेट बिक्रम सिंह सिद्धू ने कहा कि डॉ. जोहल जैसे अनुभवी कृषि विशेषज्ञ से मुलाकात नितिन नबीन की दूरदर्शी सोच को दशार्ती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यदि 2027 में पंजाब में भाजपा की सरकार बनती है, तो पंजाब की खेती, किसानों की आय और राज्य की आर्थिक मजबूती को प्राथमिकता दी जाएगी।

# नोबल फाउंडेशन के बच्चों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत कर जीता दिल



लुधियाना/यूटर्न/22 जून। बाबा श्री चंदा जैन दुग्गड़ सोसायटी की ओर से आयोजित भगवान महावीर सामुदायिक भवन के उद्घाटन समारोह में नोबल फाउंडेशन के बच्चों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आलोक जैन और पंकज जैन सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। समारोह की शुरूआत गरिमामय माहौल में हुई। नोबल फाउंडेशन के विद्यार्थियों ने शिक्षिका अंजना शर्मा और गुरजीत कौर के मार्गदर्शन में राष्ट्रगान का अनुशासित और प्रभावशाली गायन किया। बच्चों की मधुर प्रस्तुति ने उपस्थित अतिथियों और श्रद्धालुओं को प्रभावित किया। राष्ट्रगान के बाद न्यायमूर्ति आलोक जैन और पंकज जैन ने बच्चों से आत्मीय बातचीत की। उन्होंने बच्चों से पूछा कि वे बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं। इस पर कई बच्चों ने उत्साह से कहा कि वे शिक्षक बनना चाहते हैं। बच्चों के जवाब पर न्यायमूर्तियों ने मुस्कुराते हुए हल्के-फुल्के अंदाज में उनसे बातचीत की, जिससे माहौल आनंदमय हो गया। कार्यक्रम में अजय जैन, अशोक जैन, विक्रम व्यास, रंजन जैन, राजेश जैन, राकेश जैन, एडवोकेट अविनाश चंद्र जैन और नोबल फाउंडेशन के संस्थापक राजिंदर शर्मा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों के आत्मविश्वास और अनुशासन की सराहना की।

# योग जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है: राजेश जैन बॉबी



लुधियाना/यूटर्न/22 जून। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर न्यू यंग फाइव स्टार क्लब और पतंजलि योग समिति के सहयोग से दरेसी ग्राउंड में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया ।इस अवसर पर पंजाब माइनॉरिटी कमीशन के सदस्य राजेश जैन बॉबी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं योग प्रशिक्षक राकेश टंडन ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम करवाते हुए योग के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेश जैन बॉबी ने कहा कि आज पूरा देश अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है, लेकिन केवल एक दिन योग करने से इसका पूर्ण लाभ नहीं मिल सकता। योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना बेहद आवश्यक है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से मजबूत और जीवन में संतुलित रहता है ।उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज और मजबूत पंजाब के निर्माण की नींव होते हैं। योग तनाव, चिंता और कई बीमारियों से बचाव का प्रभावी माध्यम है तथा यह जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने सभी लोगों से प्रतिदिन योग करने का संकल्प लेने और योग को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की।

# दूसरे राज्यों से कम वेतन और इंसेंटिव नहीं मंजूर



अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न 22 जून। स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत नेशनल हेल्थ पंजाब के तहत ग्रामीण इलाकों में काम करने वाले कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स ने आज अपने हक की लड़ाई के लिए सभी तरह के ऑनलाइन और ऑफलाइन काम बंद कर दिए और जिला अस्पतालों में इकट्ठा होकर पंजाब सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। आज पंजाब राज्य के हर जिले में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स द्वारा सिविल सर्जन ऑफिस के सामने धरना दिया गया।

उन्होंने कहा कि यह धरना उनकी लंबे समय से पेंडिंग मांगों और उनके हक को पूरा करने के लिए किया गया।

लुधियाना | यूटर्न टाइम | The Good, Bad and Ugly of India
VI   मंगलवार, 23 जून 2026



पेज 12 पंजाब में भाजपा के अकेले चुनाव लड़ने के...

## राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया का दर्शन लाल बवेजा ने किया गर्मजोशी से स्वागत



लुधियाना/यूटर्न/22 जून। पंजाब के माननीय राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया का फोमेरा ग्रुप के प्रसिद्ध समाजसेवी दर्शन लाल बवेजा द्वारा हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर दर्शन लाल बवेजा ने पंजाब की उन्नति, जनकल्याण एवं समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राज्यपाल महोदय का मार्गदर्शन और प्रेरणादायी विचार समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।दर्शन लाल बवेजा ने माननीय राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया के नेतृत्व, अनुभव और जनहित के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना की।

## सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले पंजाब के 21 उम्मीदवारों को राज्यपाल ने किया सम्मानित



लुधियाना/यूटर्न/22 जून। पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया 'संकल्प' लुधियाना के चेयरमैन नरिंदर मित्तल और अध्यक्ष दविन्द्र गुप्ता के निमंत्रण पर गुरु नानक देव भवन में आयोजित सिविल सेवा परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों के एक विशेष अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर देश की प्रतिष्ठित सिविल सेवा (UPSC) परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले होनहार छात्रों को सम्मानित किया गया और समाज सेवा, संवेदनशीलता, सुशासन तथा गरीब वर्ग के कल्याण को लेकर विचार साझा किए गए।

### प्रशासन में संवेदनशीलता सबसे जरूरी: राज्यपाल

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल  गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि आज के समय में सबसे बड़ी आवश्यकता समाज के पिछड़े और गरीब वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने की है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब गरीब परिवारों के बच्चे भी अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर आईएएस (IAS) और आईपीएस (IPS) जैसे उच्च पदों पर पहुंच रहे हैं, जो देश के लिए बहुत गर्व की बात है।

### अधिकारियों को प्रेरित करते हुए राज्यपाल ने कहा

₹यदि किसी व्यक्ति के दिल में मानवता, संवेदना, करुणा और दया नहीं है, तो उसका किसी भी उच्च पद पर बैठना समाज के लिए कोई विशेष महत्व नहीं रखता। आईएएस और आईपीएस अधिकारियों का वास्तविक कर्तव्य केवल प्रशासन चलाना नहीं, बल्कि गरीबों, मजदूरों और दिहाड़ीदार परिवारों की समस्याओं को समझकर उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाना भी है। उन्होंने आगे कहा कि एक सच्चा प्रशासनिक अधिकारी वही है जो झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले व्यक्ति की मुश्किलों को समझे और उसके जीवन में सुधार लाने के लिए योजनाएं तैयार करे। ऐसी योजनाओं का कोई लाभ नहीं है जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक न पहुंच सकें या गरीब लोगों के जीवन में कोई सकारात्मक बदलाव न ला सकें।

### २१ सफल उम्मीदवारों को विशेष रूप से किया सम्मानित

संकल्प लुधियाना के चेयरमैन नरिंदर मित्तल ने बताया कि इस वर्ष पंजाब के 23 छात्रों ने सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हासिल की है, जिनमें से 21 सफल उम्मीदवारों को आज विशेष रूप से स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान मंच पर उपस्थित संजीव कालरा, जगदीश सिंघल और डॉक्टर करुणेश गुप्ता ने भी अपने विचार साझा करते हुए समाज सेवा, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में संकल्प संस्था के योगदान की भरपूर सराहना की।

# सीनियर फैशन पेजेंट इंडिया 2026 में लुधियाना के संजीव ने जीता 'मिस्टर सीनियर ग्लोइंग स्किन अवॉर्ड

दिनेश मौदगिल

लुधियाना/यूटर्न/22 जून। मुंबई में आयोजित सीनियर मिस्टर एंड मिसेज इंडिया 2026 के ग्रैंड फिनाले में लुधियाना के संजीव पारस ने मिस्टर सीनियर ग्लोइंग स्किन अवॉर्ड हासिल किया। इसी संबंध में आर्टिस्ट मेकर्स स्टूडियो की ओर से एक प्रेस वार्ता का आयोजन गली हाउस में किया गया। उन्होंने बहुत ग्रेवी से कहा कि सीनियर फैशन पेजेंट इंडिया 2026 के ग्रैंड फिनाले में संजीव पारस द्वारा ₹मिस्टर सीनियर ग्लोइंग स्किन अवॉर्ड₹ जीतना पूरे आर्टिस्ट मेकर्स परिवार के लिए बेहद गर्व और खुशी का क्षण है। इस शानदार उपलब्धि पर आर्टिस्ट मेकर्स के डायरेक्टर सक्षम चावला ने संजीव पारस को हार्दिक बधाई देते हुए उन्हें सम्मानित करते हुए कहा कि यह हमारे लिए बेहद गर्व की बात है कि हमें उनकी इस सफलता की यात्रा का हिस्सा बनने का अवसर मिला। आर्टिस्ट मेकर्स द्वारा उन्हें डांस और मॉडलिंग की प्रोफेशनल ट्रेनिंग एवं मार्गदर्शन




दिया गया और आज उन्हें इस मुकाम पर देखकर पूरी टीम बेहद उत्साहित और गौरवान्वित महसूस कर रही है। सक्षम चावला ने कहा कि संजीव पारस हमेशा से आर्टिस्ट मेकर्स के मजबूत समर्थक रहे हैं। उन्होंने हर कदम पर संस्था का उत्साह बढ़ाया और हमेशा सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उनकी मेहनत, आत्मविश्वास, अनुशासन और समर्पण ने ही उन्हें यह विशेष सम्मान दिलाया है। उन्होंने आगे कहा कि यह उपलब्धि न केवल संजीव पारस की व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि उन सभी लोगों के लिए प्रेरणा है जो किसी भी उम्र में अपने सपनों को पूरा करने का साहस रखते हैं। उनकी यह जीत साबित करती है कि दृढ़ निश्चय और कड़ी मेहनत से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।आर्टिस्ट मेकर्स परिवार संजीव पारस के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है और उम्मीद करता है कि वह आने वाले समय में भी इसी तरह नई ऊंचाइयों को छूते हुए समाज और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे।

# क्रेस्ट घोटाला: 154 संदिग्ध ट्रांजैक्शन पर उठे सवाल, अकाउंटेंट साहिल कुक्कड़ की जमानत याचिका खारिज

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/22 जून। 75 करोड़ रुपये के चर्चित क्रेस्ट (चंडीगढ़ रिन्यूएबल एनर्जी एंड साइंस एंड टेक्नोलॉजी प्रमोशन सोसायटी) घोटाले में जेल में बंद अकाउंटेंट साहिल कुक्कड़ को राहत नहीं मिली है। जिला अदालत ने उसकी जमानत याचिका खारिज करते हुए माना कि मामले की गंभीरता और जांच के तथ्यों को देखते हुए उसे फिलहाल रिहा नहीं किया जा सकता।

सीबीआई के अनुसार जांच में सामने आया है कि वर्ष 2024-25 के दौरान क्रेस्ट के बैंक खातों में कुल 154 संदिग्ध और फर्जी वित्तीय लेनदेन किए गए। एजेंसी का दावा है कि अकाउंटेंट होने के नाते साहिल कुक्कड़ को इन लेनदेन की जानकारी थी, लेकिन उसने न तो किसी वरिष्ठ अधिकारी को सूचित किया और न ही कोई आपत्ति दर्ज कराई।

जांच एजेंसी ने अदालत को बताया कि साहिल की जिम्मेदारी खातों की निगरानी, वित्तीय रिकॉर्ड का रखरखाव और बैंकिंग गतिविधियों पर नजर रखने की थी। उसके मोबाइल नंबर पर खातों से जुड़े डेबिट और क्रेडिट अलर्ट भी आते थे। इसके बावजूद उसने कथित अनियमितताओं को नजरअंदाज किया।




### 13 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट

इस बहुचर्चित घोटाले में सीबीआई पहले ही 13 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इनमें आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के पांच अधिकारी, क्रेस्ट के दो अधिकारी-कर्मचारी, दो शेल कंपनियां, उनके निदेशक एवं साझेदार तथा एक निजी व्यक्ति शामिल हैं। सभी आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

### होटल बिल भुगतान से बढ़ा शक

सीबीआई ने अदालत में यह भी कहा कि जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि साहिल कुक्कड़ के राजस्थान दौरे के दौरान करीब 2.91 लाख रुपये के होटल खर्च घोटाले के मुख्य आरोपी द्वारा वहन किए गए थे। एजेंसी का मानना है कि यह उसके और मुख्य आरोपियों के बीच संबंधों की ओर संकेत करता है। वहीं बचाव पक्ष ने दलील दी कि साहिल केवल अनुबंध आधारित कर्मचारी था और उसे बैंक खातों के संचालन या फंड जारी करने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं था। उसके खिलाफ सीधे तौर पर धन प्राप्त करने या आर्थिक लाभ लेने का कोई ठोस प्रमाण भी नहीं है। हालांकि अदालत ने इन तर्कों को पर्याप्त नहीं माना।

### अदालत ने जताई जांच प्रभावित होने की आशंका

सीबीआई ने अदालत को बताया कि यदि आरोपी को जमानत मिलती है तो वह गवाहों या साक्ष्यों को प्रभावित कर सकता है। इस दलील से सहमत होते हुए अदालत ने जमानत याचिका खारिज कर दी।

### पूर्व सीईओ नवनीत श्रीवास्तव भी गिरफ्तार

मामले में हाल ही में सीबीआई ने क्रेस्ट के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी नवनीत श्रीवास्तव को भी गिरफ्तार किया है। एजेंसी का आरोप है कि फर्जी कंपनियों के जरिए सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया और करोड़ों रुपये निजी हितों के लिए इस्तेमाल किए गए। जांच में यह भी सामने आया कि जिन कंपनियों में सरकारी धन ट्रांसफर हुआ, उनमें से एक कंपनी में श्रीवास्तव की पत्नी और उनके एक रिश्तेदार निदेशक के रूप में जुड़े हुए थे। इसी आधार पर सीबीआई ने उनकी भूमिका को संदिग्ध माना। मामले में क्रेस्ट के तत्कालीन प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुखविंदर सिंह अबरोल भी आरोपी हैं। उनकी जमानत याचिका भी पहले ही अदालत द्वारा खारिज की जा चुकी है। सीबीआई का कहना है कि घोटाले से जुड़े अन्य अधिकारियों और व्यक्तियों की भूमिका की जांच अभी जारी है।

# श्री अकाल तख्त के फैसले के बाद एन.के. शर्मा ने सीएम भगवंत मान से मांगा इस्तीफा



जीरकपुर/यूटर्न/22 जून। शिरोमणि अकाली दल के खजांची एवं पूर्व विधायक एन.के. शर्मा ने मुख्यमंत्री भगवंत मान से तत्काल इस्तीफे की मांग की है। रविवार को जीरकपुर में पार्टी पदाधिकारियों, समर्थकों और कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा मुख्यमंत्री से जुड़े एक विवादित वीडियो मामले में गंभीर टिप्पणियां की गई हैं, जिसके बाद नैतिक आधार पर उन्हें पद छोड़ देना चाहिए। शर्मा ने आरोप लगाया कि संबंधित वीडियो की फोरेंसिक जांच के बाद श्री अकाल तख्त साहिब ने मुख्यमंत्री को 'गुरु दोषी' और 'खालसा पंथ विरोधी' करार दिया है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर अकाल तख्त द्वारा जनवरी माह की आंतरिक पेशी से जुड़ी वीडियो भी सार्वजनिक की गई है। पूर्व विधायक ने कहा कि यह मामला करोड़ों सिखों की धार्मिक भावनाओं से जुड़ा हुआ है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने इसे गंभीर धार्मिक मुद्दा बताते हुए कहा कि जब तक मुख्यमंत्री अपने पद पर बने रहेंगे, तब तक सिख संगतों की भावनाएं आहत होती रहेंगी। शर्मा ने मुख्यमंत्री भगवंत मान से इस्तीफा देने के साथ-साथ अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए लाई-डिटेक्टर टेस्ट करवाने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि इससे पूरे मामले की सच्चाई जनता के सामने आ सकेगी। बैठक में मौजूद पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी इस मुद्दे पर अपने विचार रखे तथा आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर चर्चा की।

# सुबह सात बजे फील्ड में उतरेंगे अफसर, सफाई व्यवस्था का करेंगे रियलिटी चेक

## जीरकपुर में सफाई सुधारने को सुबह सात बजे फील्ड में उतरेंगे अफसर






जीरकपुर/यूटर्न/22 जून। शहर की बदहाल सफाई व्यवस्था और जगह-जगह लगे कचरे के ढेरों से परेशान लोगों के लिए राहत भरी खबर है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद नगर परिषद ने अब सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए सख्त रुख अपनाया है। परिषद ने शहर को गंदगी से मुक्त करने के लिए विशेष मास्टर प्लान तैयार किया है।

नए प्लान के तहत नगर परिषद के अधिकारी अब रोजाना सुबह 7 से 8 बजे तक फील्ड में उतरकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे। दफ्तरों में बैठकर फाइलें देखने वाले अधिकारी अब वार्डों में जाकर सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति, कूड़ा उठान और डोर-टू-डोर कलेक्शन की स्थिति की जांच करेंगे। इस अभियान की निगरानी के लिए सहायक एमपी साक्षी जिंदल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर परिषद का मानना है कि अधिकारियों की फील्ड में मौजूदगी से सफाई कर्मचारियों की जवाबदेही तय होगी और लापरवाह ठेकेदारों पर भी कार्रवाई की जा सकेगी। सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे जतिन गोयल और पंकज सिंगला अलग-अलग वार्डों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते नजर आए। शहर में इस समय अवैध डंपिंग प्वाइंट, खाली प्लॉटों में कचरे के ढेर और डोर-टू-डोर कलेक्शन की सुस्ती सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है। परिषद का लक्ष्य इन तीनों समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करना है।

### यह रहेगा निरीक्षण शेड्यूल

*सोमवारः जतिन गोयल और पंकज सिंगला*
*मंगलवारः ईशान और पुनीत सिंगला*
*बुधवारः सवनीत सिंह और पंकज चौधरी*
*गुरुवारः अजय कुमार और रामगोपाल*
*शुक्रवारः मेजर सिंह और गुरलाल सिंह*
*शनिवारः अशोक कुमार और परमिंदरजीत सिंह*

# गांवों में पहुंचे विधायक रंधावा, लोगों की समस्याएं सुनीं

## विधायक रंधावा ने गांवों में सुनीं लोगों की समस्याएं



जीरकपुर/यूटर्न/22 जून। डेराबस्सी हलके के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने रविवार को जीरकपुर के गांव नारायणगढ़ झुंगियां, दयालपुरा और नाभा साहिब में जन मिलनी कार्यक्रम किए। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर विधायक के सामने अपनी समस्याएं रखीं। विधायक रंधावा ने लोगों की समस्याएं सुनने के बाद मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में लोगों के कल्याण और प्रदेश के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। रंधावा ने कहा कि हलके के हर गांव और हर वार्ड का विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने दावा किया कि लोगों का मिल रहा समर्थन सरकार की नीतियों और विकास कार्यों पर भरोसे को दशार्ता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों द्वारा दिए गए सम्मान के लिए आभार जताते हुए कहा कि जनसेवा का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर एमसी, पार्टी नेता, पंच, सरपंच, नंबरदार, युवा नेता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# जगरांव में जमीन विवादः दुकान की दीवारें तोड़ने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज

-चरणजीत सिंह चन्न-

**जगरांव/यूटर्न/22/जून। जगरांव के गुरु तेग बहादुर नगर के निवासी मनप्रीत सिंह की शिकायत पर पुलिस ने जमीन पर अवैध कब्जे के प्रयास और धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज किया है।**

**क्या है पूरा मामला?** शिकायतकर्ता मनप्रीत सिंह ने पुलिस को दी जानकारी में बताया कि उन्होंने हरसिमरत सिंह को दो दुकानें किराए पर दी हुई हैं, जबकि बाकी पांच दुकानें खाली हैं। उन्होंने बताया कि उन खाली दुकानों में उन्होंने सीमेंट की बोरियां और पीछे खाली जगह पर ईंटें और बजरी रखी हुई थी।

**आरोप :** मनप्रीत सिंह के अनुसार, 16 जून को जब वे अपने साथियों साहिल मित्तल और रोहिन कुमार के साथ अपनी खरीदी हुई जगह पर गए, तो उन्होंने देखा कि पुनीत सिंह ने उनकी खाली पड़ी 5 दुकानों की पिछली दीवारें तोड़ दी हैं। इसके अलावा, प्लॉट के मुख्य द्वार को ईंटें लगाकर बंद कर दिया गया था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो आरोपी पुनीत सिंह और उसकी माता सुनीता रानी ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया और धमकियाँ दीं। आरोपियों ने कथित तौर पर कहा कि यह जगह उनकी है और वे इस पर कब्जा करके रहेंगे। साथ ही, उन्होंने शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकियां भी दीं।

**पुलिस कार्रवाई :** मामले की गंभीरता को देखते हुए, थाना सिटी जगरांव में विभिन्न धाराओं 329(3), 62, 305, 324(4), 351(2) और 3(5) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# नेशन बिल्डर अवार्ड से सम्मानित हुए एडवोकेट वासु रंजन, ऑल इंडिया प्रिंसिपल एसोसिएशन के चीफ लीगल एडवाइजर नियुक्त




जीरकपुर/यूटर्न/22 जून। काउंसिल ऑफ लॉयर्स के चेयरमैन तथा सुप्रीम कोर्ट एवं पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के अधिवक्ता वासु रंजन को शिक्षा एवं न्याय क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए ऑल इंडिया प्रिंसिपल एसोसिएशन (आइपा) ने 'नेशन बिल्डर अवार्ड' से सम्मानित किया है। साथ ही उन्हें संगठन का चीफ लीगल एडवाइजर नियुक्त किया गया। देहरादून स्थित डीबीएस ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजित आइपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर से हजारों स्कूल प्रधानाचार्यों, शिक्षाविदों और शिक्षा प्रशासकों ने भाग लिया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नवदीप भारद्वाज, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित सहगल, चंडीगढ़ अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारियों ने वासु रंजन को सम्मानित किया। सम्मान ग्रहण करने के बाद वासु रंजन ने कहा कि शिक्षा राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत आधारशिला है और शिक्षकों व प्रधानाचार्यों की भूमिका देश के भविष्य को दिशा देने में अहम है। उन्होंने आश्वासन दिया कि देशभर के शिक्षकों, प्रधानाचार्यों और शैक्षणिक संस्थानों को कानूनी सहायता और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के लिए वे हर समय तत्पर रहेंगे। राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान वासु रंजन ने देश में 'नेशनल स्कूल ट्रिब्यूनल' के गठन का प्रस्ताव भी रखा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में निजी स्कूलों, शिक्षकों, प्रधानाचार्यों और प्रबंधन समितियों से जुड़े विवादों के त्वरित निपटारे के लिए कोई विशेष राष्ट्रीय मंच उपलब्ध नहीं है।

Uturn Time 23 June 2026_Layout 2 23-06-2026 00:10 Page 10



# नई सब्जी मंडी और बल्क मार्केट को मिलेगी रफ्तार, पर्यावरण मंजूरी का रास्ता साफ

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/22 जून। शहर में लंबे समय से पर्यावरणीय स्वीकृति के इंतजार में अटकी कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं के लिए राहत भरी खबर है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने चंडीगढ़ के लिए स्टेट एन्वायरमेंट इम्पैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी और एक्सपर्ट अप्रेजल कमेटी का पुनर्गठन कर नई अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही विभिन्न परियोजनाओं की पर्यावरण मंजूरी संबंधी प्रक्रियाओं में तेजी आने की उम्मीद बढ़ गई है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद सेक्टर-39 में प्रस्तावित आधुनिक सब्जी मंडी परियोजना को सबसे बड़ा लाभ मिलने की संभावना है। करीब 76 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाली इस मंडी के लिए कई साइटों की नीलामी पहले ही की जा चुकी है, लेकिन पर्यावरणीय स्वीकृति न मिलने से निर्माण और विकास कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहे थे। अब मंजूरी प्रक्रिया पूरी होने के बाद परियोजना को गति मिलने की उम्मीद है। इसी तरह सेक्टर-56 में प्रस्तावित बल्क मैटेरियल मार्केट परियोजना भी आगे बढ़ सकेगी। इस परियोजना का उद्देश्य धनास स्थित मार्बल मार्केट को व्यवस्थित रूप से स्थानांतरित करना है। लगभग 22 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस मार्केट में करीब 200 व्यावसायिक शोरूम विकसित किए जाने प्रस्तावित हैं।





## अस्पतालों और शैक्षणिक परियोजनाओं को भी होगा लाभ

नई पर्यावरणीय संस्थाओं के गठन का फायदा केवल मंडियों और बाजारों तक सीमित नहीं रहेगा। शहर में प्रस्तावित अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को भी पर्यावरण मंजूरी के लिए अब स्थानीय स्तर पर अधिक व्यवस्थित प्रक्रिया उपलब्ध होगी। स्टेट एन्वायरमेंट इम्पैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी विभिन्न परियोजनाओं के पर्यावरणीय प्रभाव का मूल्यांकन करेगी, जबकि एक्सपर्ट अप्रेजल कमेटी तकनीकी पहलुओं की समीक्षा कर अपनी सिफारिशें देगी।

## तीन साल का होगा कार्यकाल

*नई अधिसूचना के तहत डॉ. हर्ष मित्तर को अथॉरिटी का चेयरमैन और डॉ. रणदीप सिंह सैनी को सदस्य नियुक्त किया गया है। वहीं डॉ. अविनाश कुमार शारदा को एक्सपर्ट अप्रेजल कमेटी का चेयरमैन बनाया गया है। दोनों निकायों का कार्यकाल तीन वर्ष निर्धारित किया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों का मानना है कि इन समितियों के सक्रिय होने से लंबित फाइलों के निपटारे में तेजी आएगी और शहर की कई महत्वपूर्ण विकास योजनाएं अब कागजों से निकलकर जमीन पर उतर सकेंगी।*

# चुनावी ड्यूटी में शिक्षकों की तैनाती पर उठे सवाल, समाजसेवी राजबीर सिंह भारतीय ने स्थायी चुनावी कैडर की मांग की



चंडीगढ़/यूटर्न/22 जून। समाजसेवी एवं हरियाणा, पंजाब एवं चंडीगढ़ के महाधिवक्ता कार्यालय (एजी ऑफिस) से सेवानिवृत्त सुपरिटेंडेंट राजबीर सिंह भारतीय ने चुनावी प्रक्रिया के संचालन के लिए शिक्षकों और अन्य सरकारी कर्मचारियों की तैनाती पर चिंता जताते हुए स्वतंत्र और स्थायी चुनावी कैडर गठित करने की मांग की है।

जारी बयान में राजबीर सिंह भारतीय ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां लोकसभा, विधानसभा, नगर निकाय और पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला हैं, लेकिन इनके संचालन के लिए विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारियों को उनके मूल कार्यों से हटाकर चुनावी ड्यूटी में लगाया जाना कई चुनौतियां पैदा करता है। उन्होंने कहा कि चुनावी ड्यूटी के दौरान सरकारी स्कूलों के शिक्षक मतदाता सूची सत्यापन, चुनावी सर्वेक्षण और अन्य कार्यों में व्यस्त रहते हैं, जिससे स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित होने की आशंका रहती है। उनके अनुसार इसका असर विशेष रूप से उन विद्यार्थियों पर पड़ता है जो सरकारी स्कूलों पर निर्भर हैं।

राजबीर सिंह भारतीय ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों के लिए सरकारी स्कूल शिक्षा का प्रमुख माध्यम हैं। ऐसे में यदि शिक्षकों का समय चुनावी कार्यों में अधिक व्यतीत होता है तो विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति के लिए शिक्षकों को जिम्मेदार ठहराने के बजाय व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि चुनावी ड्यूटी में केवल शिक्षक ही नहीं, बल्कि विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल किए जाते हैं, जिससे प्रशासनिक कार्यों की गति प्रभावित होने की संभावना रहती है। उनके अनुसार इससे आम नागरिकों के कार्यों के निस्तारण में भी देरी हो सकती है। समाजसेवी ने सुझाव दिया कि चुनाव आयोग के लिए एक समर्पित और प्रशिक्षित स्थायी चुनावी कैडर (डेडिकेटेड इलेक्टोरल कैडर) विकसित करने पर विचार किया जाना चाहिए।

# सेक्टर-42 के पार्क में अत्याधुनिक ओपन जिम का उद्घाटन, लोगों को मिली फिटनेस की नई सुविधा

चंडीगढ़/यूटर्न/22 जून। सेक्टर-42 स्थित मकान नंबर 1150 के सामने पार्क में रविवार को अत्याधुनिक ओपन जिम का उद्घाटन किया गया। एरिया पार्षद एवं पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी ने महिला सशक्तिकरण के संदेश के साथ महिलाओं से रिबन कटवाकर जिम का शुभारंभ कराया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



स्थानीय निवासियों ने बताया कि अब तक उन्हें व्यायाम और फिटनेस गतिविधियों के लिए अन्य पार्कों का रुख करना पड़ता था, क्योंकि इस पार्क में ऐसी कोई सुविधा उपलब्ध नहीं थी। ओपन जिम शुरू होने से अब बच्चे, युवा और बुजुर्ग अपने घर के नजदीक ही नियमित व्यायाम कर सकेंगे। जिम में आठ प्रकार के आधुनिक फिटनेस उपकरण लगाए गए हैं, जिनकी मदद से लोग कार्डियो समेत विभिन्न प्रकार के व्यायाम कर सकेंगे। इससे क्षेत्र के लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और फिटनेस बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी।

इस अवसर पर जसबीर सिंह बंटी ने कहा कि क्षेत्रवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि ओपन जिम के साथ पार्क में नई टेबल और बेंच भी स्थापित की गई हैं, जिससे विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में मौजूद निवासी हरिंदर रावत ने कहा कि ओपन जिम से पार्क की उपयोगिता और सुंदरता दोनों बढ़ी हैं। अब लोगों को सुबह-शाम सैर के साथ व्यायाम की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

नगर निगम के एसडीओ रोहित गर्ग ने बताया कि सेक्टर के अन्य पार्कों में भी जिम उपकरण और बच्चों के लिए खेल सामग्री स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस ओपन जिम का रखरखाव और मरम्मत कार्य अगले तीन वर्षों तक ठेकेदार द्वारा किया जाएगा। किसी भी समस्या की स्थिति में नगर निगम की टीम तत्काल समाधान सुनिश्चित करेगी।

# हरियाणा सरकार का बड़ा कदम: गांवों में मजबूत होंगी स्वास्थ्य सुविधाएं



चंडीगढ़/यूटर्न/22 जून। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा है कि राज्य सरकार गांवों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण इलाकों के लोगों को इलाज के लिए दूर शहरों में न जाना पड़े, बल्कि उन्हें अपने ही गांव के पास ही अच्छी चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। इसी दिशा में सरकार ने एक और अहम फैसला लिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भिवानी जिले के गांव धिराणा में नया उप-स्वास्थ्य केंद्र (Sub-Health Centre) खोलने को मंजूरी दे दी है। इस केंद्र के निर्माण पर करीब 55.49 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इस स्वास्थ्य केंद्र में जरूरी मशीनें, दवाइयां और मरीजों के लिए बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे आसपास के गांवों के लोगों को बड़ा फायदा मिलेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि सरकार जरूरत के हिसाब से नए स्वास्थ्य केंद्र खोल रही है और ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को लगातार मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगे भी जनता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार जारी रहेगा। सरकार का दावा है कि इस कदम से गांवों में इलाज आसान, सुलभ और समय पर हो सकेगा।

# लुधियाना देहात पुलिस की नशा तस्करों के खिलाफ मुहिम: 5 तस्कर गिरफ्तार, नशीले पदार्थ बरामद

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/22/जून। समाज विरोधी तत्वों और नशा तस्करों के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत, लुधियाना देहात पुलिस ने चार अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 5 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में विभिन्न थानों में मामले दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**पहला मामला:** थाना सिद्धवां बेट के अंतर्गत चौकी गिदड़विंडी के इंचार्ज अरकराजविंदरपाल सिंह की पुलिस टीम ने गुरजंट सिंह उर्फ गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी (निवासी सेरेवाल) को 10 ग्राम हेरोइन के साथ काबू किया है।

**दूसरा मामला:** थाना सदर जगरांव के अरकधर्मेंद्र सिंह की पुलिस टीम ने धर्मपाल सिंह निवासी रामपुरा मोहल्ला, निकट शेरपुर लंडा फाटक को 7.2 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है।

**तीसरा मामला:** थाना सिटी रायकोट के अरकसुखविंदर सिंह ने गश्त के दौरान दो युवकों, गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी और विशाल उर्फ गंजू, दोनों निवासी मोहल्ला गुरु नानकपुरा, रायकोट को 30 नशीली गोलियों (ट्रामाडोल) के साथ पकड़ा है।

# डिप्टी कमिश्नर ने युवाओं से आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट में प्रवेश का लाभ उठाने की अपील की

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/22 जून। डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि सरदार बहादुर अमीं चंद सोनी आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट, बजवाड़ा (होशियारपुर), पंजाब सरकार के रोजगार उत्पत्ति, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण विभाग के अधीन स्थापित एक महत्वपूर्ण संस्थान है। संस्थान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारतीय थल सेना, जल सेना और वायु सेना में अधिकारी बनने के लिए तैयार करना है।

उन्होंने बताया कि संस्थान में सी.डी.एस., ए.एफ.सी.ए.टी., ओ.टी.ए. सहित विभिन्न प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं के माध्यम से सशस्त्र बलों में ग्रेजुएट स्तर पर भर्ती के इच्छुक युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का पहला बैच जुलाई 2026 के दूसरे सप्ताह से शुरू किया जाएगा।



डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि संस्थान द्वारा तीन माह का संरचित अकादमिक प्रशिक्षण तथा तीन सप्ताह का एस.एस.बी. प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह सुविधा उन लड़कों और लड़कियों के लिए उपलब्ध है, जिन्होंने स्नातक की पढ़ाई पूरी कर ली है अथवा जो वर्तमान में स्नातक के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत हैं।

उन्होंने बताया कि इच्छुक उम्मीदवारों के लिए छात्रावास और भोजन हेतु डाइनिंग हॉल की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की जन्म तिथि 1 जनवरी 2003 के बाद की होनी चाहिए तथा स्नातक परीक्षा में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक प्राप्त होना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त उम्मीदवार का चिकित्सकीय रूप से फिट होना भी आवश्यक है। आशिका जैन ने युवाओं से इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन पत्र भरकर 30 जून 2026 या उससे पहले ई-मेल sbacsafpihoshiarpur@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# मंदिर की गोलकें चुराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, 19,500 रुपये और थ्री-व्हीलर बरामद

## ढकौली मंदिर गोलक चोरी कांड सुलझा, दो आरोपी गिरफ्तार, मंदिर की गोलकें चुराने वाले दो शातिर काबू





जीरकपुर/यूटर्न/22 जून। ढकौली पुलिस ने शिव मंदिर ढकौली से गोलकें चोरी करने के मामले को सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई दो गोलकें, 19,500 रुपये नकद और वारदात में इस्तेमाल थ्री-व्हीलर बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार गांव ढकौली निवासी गुरमीत सिंह की शिकायत पर 20 जून को मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया था कि 17 जून की सुबह दो अज्ञात व्यक्ति शिव मंदिर ढकौली से दो गोलकें चोरी कर फरार हो गए थे। मामले की जांच एएसआई मेवा सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी जांच के आधार पर गुरविंदर सिंह उर्फ गग्गी पुत्र स्व. सोहन सिंह और रजत पुत्र धर्मवीर, दोनों निवासी गुरु नानक कॉलोनी, जगतपुरा, जिला एसएएस नगर को गिरफ्तार कर लिया।

दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उनका एक दिन का पुलिस रिमांड मिला है।

पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपियों के खिलाफ पहले भी चंडीगढ़ और खरड़ में चोरी तथा एक्साइज एक्ट के तहत कई केस दर्ज हैं।

# योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास, 60 लोगों ने लिया भाग

## योग प्रशिक्षिका उषा बेरवाल ने कराया योग, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश

जीरकपुर/यूटर्न/22 जून। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गोल्डन सैंड सोसाइटी में मुख्यमंत्री योगशाला के तहत विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सोसाइटी निवासियों ने भाग लिया और योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया गया।

योग प्रशिक्षिका उषा बेरवाल ने कार्यक्रम में मुख्य भूमिका निभाते हुए लगभग 60 प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करवाया। उन्होंने योग करने की सही विधि के साथ-साथ इसके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों की भी जानकारी दी। उनके मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। उषा बेरवाल ने कहा कि योग भारत की अमूल्य विरासत है, जिसने पूरी दुनिया को स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने का मार्ग दिखाया है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि तन, मन और आत्मा को



सशक्त बनाने वाली संपूर्ण जीवन पद्धति है। नियमित योग तनाव को कम करने, मानसिक संतुलन बनाए रखने और सकारात्मक सोच विकसित करने में सहायक सिद्ध होता है। उन्होंने बताया कि भारत की पहल पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2014 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता प्रदान की थी। इसके बाद से योग विश्वभर में स्वास्थ्य और कल्याण का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने नियमित रूप से योग करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सोसाइटी निवासी और क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ग्लैमरस अंदाज में करीना कपूर ने फिर लूटी महफिल, ब्लैक लुक ने मचाई चर्चा



बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर एक बार फिर अपने स्टाइलिश अंदाज को लेकर सुर्खियों में हैं। उनका ग्लैमरस ब्लैक आउटफिट सोशल मीडिया पर तेजी से चर्चा का विषय बन गया है। करीना का कॉन्फिडेंट पोज, एलिगेंट लुक और फैशन सेंस फैंस को खूब पसंद आ रहा है। तस्वीर सामने आते ही फैंस ने सोशल मीडिया पर उनकी तारीफों की झड़ी लगा दी। किसी ने उन्हें 'फैशन क्वीन' बताया तो किसी ने उनके लुक को क्लासी और बोल्ड कहा। करीना कपूर हमेशा से अपने अलग अंदाज और बेबाक स्टाइल के लिए जानी जाती हैं। बॉलीवुड गलियारों में भी उनके इस लुक की चर्चा तेज है। करीना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उम्र और ट्रेंड से परे उनका फैशन हमेशा चर्चा में रहता है। उनका यह अंदाज फैंस के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है।

# पंजाब में भाजपा के अकेले चुनाव लड़ने के प्रधानमंत्री के बयान पर सुखबीर बादल ने कहा था वेलकम

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा अकाली भाजपा गठबंधन पर नो कमेंट्स

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/22 जून। कुछ माह पहले पंजाब में भाजपा के अकेले चुनाव लड़ने के प्रधानमंत्री के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए सुखबीर बादल ने कहा था वेलकम एक बार फिर सभी कयासों को विराम देते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने पंजाब के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को अकाली भाजपा गठबंधन पर कोई भी बयान देने से मना कर दिया उन्होंने कहा कि गठबंधन के नाम पर कोई भी किसी तरह के अभियान नहीं देगा यानी कि एक बार फिर अकाली भाजपा गठबंधन पर नो कमेंट्स का फरमान जारी कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि ज्यो ज्यो चुनावो का समय नजदीक आ रहा है सभी प्रमुख दल अपना अपना वजूद इन चुनावो को लेकर तोल रहे हैं भाजपा भी नहीं चाहती कि वह किसी ऐसे दल के साथ गठबंधन करें जिसकी राज्य में लोगों में पेठ कमजोर हुई हो भाजपा के कई नेताओं का मानना है कि प्रधानमंत्री ने औपचारिक तौर पर यह कहा था कि बीजेपी पंजाब में अपने दम पर चुनाव लड़ना चाहती है उस पर अकाली दल के प्रमुख सुखबीर बादल को प्रतिक्रिया नहीं देनी चाहिए थी परंतु वह अपने को रोक ना सके और प्रतिक्रिया दे दी जिससे यह संदेश किया कि अकाली दल यह कहना चाहता है कि भाजपा उसके बिना बहुमत हासिल नहीं कर सकती परंतु 22 राज्यों में अपनी सरकार बना चुकी भारतीय जनता पार्टी पंजाब के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी कर रही है ऐसे में चुनावों से एन पहले अंतिम समय तक भाजपा सभी पार्टियों का आकलन भी साथ-साथ कर रही है पार्टी के सूत्रों का कहना है कि हर बार अंतिम समय पर अकाली भाजपा गठबंधन का खुलासा एन वक्त पर किया जाता है इसलिए पार्टी भी चाहती है कि अभी से बनाई जा रही रणनीति सार्वजनिक ना हो और यह भी हो सकता है कि पार्टी अकेले ही पंजाब में चुनाव लड़े।

पंजाब में भारतीय जनता पार्टी के नेता अब शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबंधन को लेकर सार्वजनिक बयानबाजी नहीं करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने नेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि संगठन का काम पार्टी को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि गठबंधन करना है या नहीं, इसका निर्णय पूरी तरह से हाईकमान के हाथ में रहेगा।

### 117 सीटों पर रहेगी नजर

पंजाब के तीन दिवसीय दौरे पर आए नितिन नबीन ने सोमवार को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा हुई। बैठक में नितिन नबीन ने कहा कि शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के साथ गठबंधन होगा या नहीं, इस संबंध में कोई भी नेता सार्वजनिक बयान देने से परहेज करे। इस बैठक शेर से भी संकेत मिले कि भाजपा राज्य की 117 सीटों पर अपना आधार मजबूत करना चाहती हैं अगर ऐसा होता है तो अकाली दल के प्रधान सुखबीर बादल के वेलकम का जवाब थैंक यू से दिया जा सकता है।

### युवाओं पर भाजपा का रहेगा फोकस

*भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा है कि पंजाब राज्य के लोगों को पार्टी से बहुत उम्मीदें हैं। उन्होंने राज्य के युवाओं से इसके लिए निर्णायक भूमिका निभाने का आह्वान किया। नितिन नबीन अपने पहले पंजाब दौरे के आखिरी दिन लुधियाना में 'युवा मिलनी' कार्यक्रम के दौरान युवाओं को संबोधित कर रहे थे। युवाओं को मुखातिब करते हुए उन्होंने कहा कि वह उनके (युवाओं) के माध्यम से पंजाब के मुद्दों को समझने आए हैं।*

*उन्होंने कहा, वह सड़कों पर उतरने के लिए तैयार हैं, आप निर्णय लें, हम आपकी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे।' युवाओं ने उनसे पंजाब में कानून व्यवस्था की स्थिति विकास, पंजाब पर कर्ज, महिला सुरक्षा, औद्योगिक पलायन, कृषि संकट, खेल, स्वास्थ्य और केंद्रीय योजनाओं का पंजाब में लाभ न मिलने के बारे में सवाल किए।*



### एयर कंडीशन का वातावरण छोड़ें लोगों के बीच जाएं नेता और कार्यकर्ता

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं को साफ संदेश देते हुए कहा कि राज्य के चुनाव में अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए सभी नेता और कार्यकर्ता एयर कंडीशन कमरों का मोह छोड़कर लोगों के बीच में जाएं इस दौरान सवालों के बाद पूरी चर्चा का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब में आज जैसे हालात हैं, वैसे ही कभी यूपी और बिहार के होते थे। लेकिन वे सरकार के विजन से बेहतर दिशा की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में अद्भुत क्षमता है, लेकिन वह विकास की दौड़ में पिछड़ गया है। राज्य पर 4 लाख करोड़ का कर्ज है। कर्ज तो दूसरे राज्य भी लेते हैं लेकिन पंजाब में कर्ज चुकता करने के मामले में वर्तमान सरकार गंभीर नहीं दिखाई देती केंद्रीय योजनाओं का भी पंजाब के लोगों को फायदा नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां भी भाजपा सरकारें हैं, वे स्टार्टअप को लेकर बहुत गंभीर हैं; हम भारत को मजदूर उपलब्ध कराने वाले देश से उत्पादक देश में बदल रहे हैं।

### कृषि अर्थशास्त्री डॉ सरदारा सिंह जौहल से मिले

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन पंजाब के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। दौरे के अंतिम दिन उन्होंने पद्म विभूषण से सम्मानित कृषि अर्थशास्त्री सरदारा सिंह जौहल से मुलाकात की और उन्हें मोदी सरकार के 12 वर्षों के कार्यों का ब्यौरा सौंपा। इस दौरान उन्होंने कृषि नीति और किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने को लेकर सुझाव भी मांगे। डॉ. जौहल ने कहा कि पंजाब सरकार पर इस समय भारी कर्ज है और यदि इसे नियंत्रित किया जा सकता है तो स्थिति बेहतर हो सकती है, अन्यथा केवल योजनाओं की घोषणा से बदलाव संभव नहीं होगा।

# निजी अस्पताल व लैब डेंगू की जांच पर ले रहे है मनमाने दाम

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/22 जून। सरकार द्वारा डेंगू के लिए टेस्ट के दाम निर्धारित करने के बाद यह सोचा जा रहा था कि प्रदेश में सभी निजी अस्पताल व लैब अब डेंगू बुखार की जांच के लिए मनमाने दाम नहीं ले पाएंगे, क्योंकि सरकार ने डेंगू की जांच के लिए टैस्ट की फीस 600 रुपए फिक्स कर दी है। यह जांच मैक एलिजा व डेंगू एटींजन एन.एस. वन टैस्ट के लिए है कार्ड जबकि प्लेटलैट के लिए 50 रुपए से अधिक नहीं लिए जा सकेंगे। परंतु तस्वीर इसके बिलकुल उलट है निजी अस्पताल डेंगू की जांच के लिए मनमाने दाम ले रहे हैं और यह काफी समय से जारी है उल्लेखनीय है कि इस वर्ष समय से पहले ही डेंगू के मामले सामने आने शुरू हो गए गत वर्षो में डेंगू के बेशुमार संदिग्ध मामलों के सामने आने पर राज्य के कई जिलों से ऐसी शिकायतें सामने आई जिस पर राज्य की तत्कालीन स्वास्थ्य सचिव ने नोटीफिकेशन जारी कर उक्त रेट लागू किए थे।




### सरकारी अस्पतालों में डेंगू की जांच मुफ्त

*सिविल सर्जन डॉ रमनप्रीत कौर कई बार कह चुकी है कि सरकारी अस्पतालों में डेंगू की जांच नि: शुल्क की जा रही है। अस्पताल को भी अपने मरीजों के टैस्ट सिविल अस्पताल में बने सर्विलेंस सेंटर में भेजने का कहा है। उन्होंने कहा कि मैकएलिजा व एन. एस. वन टैस्टों से की गई डेंगू की जांच ही मान्य होगी परंतु रैपिड टैस्ट से की गई जांच मान्य नहीं होगी। इस सिलसिले में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी गाइडलाइन ही मान्य होगी।*

**स्थानीय अस्पतालों में 2000 से अधिक मरीज आ चुके हैं सामने...**गौरतलाप है कि स्थानीय अस्पतालों में इस वर्ष गर्मियों में ही डेंगू के 2000 से अधिक मरीज सामने आ चुके हैं हालांकि स्वास्थ्य से विभाग का कहना है कि इनमें से अधिकतर मरीज को संदिग्ध श्रेणी में रखा गया है परंतु मरीजों से डेंगू की जांच के लिए लिए गए दामों का ब्योरा स्वास्थ्य विभाग ने अभी तक नहीं मांगा है और नाही स्वास्थ्य निदेशक द्वारा जारी किए गए निर्देशों का अनुपालन हो रहा है लिहाजा निजी व कॉरपोरेट अस्पताल संदिग्ध मरीजो की जांच के नाम पर सरकार द्वारा निर्धारित नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस सिलसिले में नोटीफिकेशन 9/9/2016 के बाद कई बार जारी हो चुका है जिसमें कहा गया था कि इस नोटिफिकेशन को सभी जिलों में सिविल सर्जन अपने अधीन आती सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं के अलावा निजी अस्पतालों तथा सरकारी व प्राइवेट लैब प्रबंधकों ने इन निर्देशों के प्रति अवगत करवा दिया जाए तथा नोटीफिकेशन में दर्शाए निर्देशों की पालना करने को कहा जाए। इस संबंध में की गई कार्रवाई को स्वास्थ्य निदेशक के कार्यालय को अवगत कराएं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी इन निर्देशों से निजी अस्पताल व लैब वाले नाखुश बताए जाते हैं। इससे पहले लोगों से डेंगू जांच के नाम पर अस्पतालों द्वारा 1800 से 2500 रुपए तक वसूलने की शिकायतें स्वास्थ्य विभाग को मिली थीं। अब प्लेटलैट जांच के लिए 150 रुपए कम-से-कम लिए जा रहे थे।

**डेंगू जांच की अधिक फीस पर करें सूचित, होगी कार्रवाई...**इसी और चंडीगढ़ में बैठे उच्च अधिकारियों ने कहा कि डेंगू की जांच के नाम पर अगर कोई अस्पताल अथवा निजी लैब 600 रुपए से अधिक पैसे मांगे तो सिविल सर्जन कार्यलय में सूचित करें अथवा 104 नम्बर पर अपनी शिकायत दर्ज करवाएं। आरोपी पाए जाने वाले अस्पतालों व लैब प्रबंधकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**निजी अस्पतालों में भेजे जाएं फर्जी ग्राहक...**लोगों का कहना है कि निजी वर्क कॉपोर्रेट अस्पतालों में स्वास्थ्य विभाग को चाहिए कि फर्जी ग्राहक भेज कर कार्रवाई करें और अधिक दाम लेने पर अस्पताल को ब्लैक लिस्ट किया जाए और लोगों से कहा जाए कि वह अपने मरीज इन अस्पतालों में भर्ती न करें विभाग के सूत्रों ने बताया कि सभी निजी वा कॉपोर्रेट अस्पतालों में जल्दी ही जांच का सिलसिला शुरू हो सकता है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372